प्रवेश शाखा
ADMISSION BRANCH
दिल्ली विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF DELHI
दिल्ली DELHI –110007
office@admission.du.ac.in
दूरभाष न. 011–27666073

06 जुलाई, 2026

स्नातक प्रवेश **2026-27**

दिल्ली विश्वविद्यालय स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश अनुसूची

आवंटन और प्रवेश अनुसूची तालिका

| कार्य | समय और तिथि |
|---|---|
| पंजीकरण चरण I | शुक्रवार, 26 जून, 2026 से शनिवार, 11 जुलाई, 2026 रात 11:59 बजे तक |
| पंजीकरण चरण II | शुक्रवार, 03 जुलाई, 2026 से शनिवार, 11 जुलाई, 2026 रात 11:59 बजे तक |
| सुधार विंडो | सुबह 10:00 बजे शुक्रवार, 10 जुलाई, 2026 से शनिवार, 11 जुलाई, 2026 रात 11:59 बजे तक |
| अनुमानित रैंक की घोषणा | शाम 05:00 बजे, रविवार, 12 जुलाई, 2026 |
| वरीयता परिवर्तन विंडो | शाम 05:00 बजे, रविवार, 12 जुलाई, 2026 से सोमवार, 13 जुलाई, 2026 शाम 04:59 बजे तक |
| प्रथम सीएसएएस आवंटन सूची की घोषणा | शाम 05:00 बजे, गुरुवार, 16 जुलाई, 2026 |
| उम्मीदवारों द्वारा आवंटित सीट को "स्वीकार" करना | शाम 05:00 बजे, गुरुवार, 16 जुलाई, 2026 से शनिवार, 18 जुलाई, 2026 रात 11:59 बजे तक |
| कॉलेज द्वारा ऑनलाइन आवेदनों को सत्यापित और स्वीकृत करना | शाम 05:00 बजे, गुरुवार, 16 जुलाई, 2026 से सोमवार, 20 जुलाई, 2026 शाम 04:59 बजे तक |
| उम्मीदवारों द्वारा फीस के ऑनलाइन भुगतान की अंतिम तिथि | मंगलवार, 21 जुलाई, 2026 रात 11:59 बजे तक |

प्रवेश शाखा
ADMISSION BRANCH
दिल्ली विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF DELHI
दिल्ली DELHI —110007
office@admission.du.ac.in
दूरभाष न. 011—27666073

| | |
|---|---|
| द्वितीय सीएसएएस आवंटन की घोषणा | दोपहर 12:00 बजे, शनिवार, 25 जुलाई, 2026 |
| उम्मीदवारों द्वारा आवंटित सीट को "स्वीकार" करना | शनिवार, 25 जुलाई, 2026 से रविवार, 26 जुलाई, 2026 रात 11:59 बजे तक |
| कॉलेज द्वारा ऑनलाइन आवेदनों को सत्यापित और स्वीकृत करना | शनिवार, 25 जुलाई, 2026 से सोमवार, 27 जुलाई, 2026 रात 11:59 बजे तक |
| उम्मीदवार द्वारा फीस के ऑनलाइन भुगतान की अंतिम तिथि | मंगलवार, 28 जुलाई, 2026 रात 11:59 बजे तक |

सामान्य प्रवेश जानकारी

- इस वर्ष, विश्वविद्यालय **73** स्नातक कार्यक्रम और **150** बी.ए. कार्यक्रम संयोजन पेश कर रहा है।
- उम्मीदवारों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान करके चरण - I पूरा करना आवश्यक है।
- सीएसएएस **(CSAS)** का चरण **II** शुक्रवार, **03** जुलाई, **2026** से शुरू होगा। चरण II में भाग लेने के लिए, उम्मीदवारों को चरण I पूरा करना होगा और निम्नलिखित चरणों का पालन करना होगा:

विषय-मैपिंग **(SUBJECT-MAPPING)**

- उम्मीदवारों को कक्षा XII में पढ़े गए विषयों को उन परीक्षा पत्रों के साथ मैप करना आवश्यक होगा जिनमें वे **CUET(UG)-2026** में उपस्थित हुए हैं।
- दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए, उम्मीदवार का उन विषयों में CUET(UG)-2026 में उपस्थित होना अनिवार्य है जिनमें उसने कक्षा XII उत्तीर्ण की है।
- भाषा/डोमेन विशिष्ट विषय वह होना चाहिए जो कक्षा XII में पढ़े गए विषय के समान या उससे निकटता से संबंधित हो।

वरीयता चयन

- वरीयता चयन के दौरान, उम्मीदवार अपनी इच्छानुसार जितने चाहें उतने कार्यक्रम + कॉलेज संयोजन चुन सकता है, बशर्ते वह कार्यक्रम-विशिष्ट पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो।
- उम्मीदवारों को कार्यक्रम/यों और कॉलेज/जों का चयन करते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि कार्यक्रम + कॉलेज संयोजन के चयन का क्रम ही उनकी प्राथमिकता के क्रम को निर्धारित करेगा।

प्रवेश शाखा
ADMISSION BRANCH
दिल्ली विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF DELHI
दिल्ली DELHI –110007
office@admission.du.ac.in
दूरभाष न. 011–27666073

- उम्मीदवार **"Top, Bottom and Preference Number"** आइकन के माध्यम से कार्यक्रम + कॉलेज संयोजनों के प्राथमिकता क्रम को पुनर्व्यवस्थित कर सकते हैं।
- उम्मीदवारों को नियमित अंतराल पर प्राथमिकताओं को **"सहेजने" (SAVE)** सुनिश्चित करना चाहिए।
- प्राथमिकता-भरने के दौरान उम्मीदवार द्वारा चुने गए और सहेजे गए कार्यक्रम + कॉलेज संयोजन पर ही आवंटन और अपग्रेडेशन (यदि कोई हो) के लिए विचार किया जाएगा।
- उम्मीदवारों को अपनी सहेजी गई प्राथमिकताओं की पुष्टि करने के लिए "प्राथमिकता चयन" का पूर्वावलोकन करना होगा।
- चरण II की समय सीमा समाप्त होने पर, सहेजी गई प्राथमिकताएं स्वचालित रूप से लॉक **(automatically locked)** हो जाएंगी और आवंटन के लिए उपयोग की जाएंगी।

अपग्रेड प्रक्रिया

- एक बार जब उम्मीदवार एक निर्धारित दौर (Round) के भीतर अपने कार्यक्रम की फीस जमा कर देते हैं, तो उन्हें **"अपग्रेड/फ्रीज" (Upgrade/ Freeze)** चुनने का अवसर मिलेगा।
- जो उम्मीदवार "अपग्रेड" का विकल्प चुनते हैं, वे उस दौर की अवधि के भीतर अपनी उच्च प्राथमिकताओं को पुनर्व्यवस्थित कर सकेंगे जिसमें प्रवेश मांगा गया था।
- उम्मीदवार संबंधित दौर की अंतिम तिथि तक जितनी बार चाहें उतनी बार उच्च प्राथमिकताओं को पुनर्व्यवस्थित कर सकते हैं।
- *उदाहरण के लिए:* दौर 1 में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवार मंगलवार, **21** जुलाई, **2026** रात **11:59** बजे तक अपनी प्राथमिकताओं को पुनर्व्यवस्थित कर सकेंगे। उम्मीदवारों के हित में है कि वे समय सीमा से काफी पहले कार्यक्रम शुल्क का भुगतान करें और अपग्रेड तथा पुनर्व्यवस्था के विकल्प का लाभ उठाएं।
- अंतिम सहेजी गई प्राथमिकताएं मंगलवार, 21 जुलाई, 2026 को रात 11:59 बजे स्वचालित रूप से लॉक हो जाएंगी। इसी तरह, दौर 2 के लिए पुनर्व्यवस्था का विकल्प मंगलवार, **28** जुलाई, **2026** को रात **11:59** बजे बंद हो जाएगा।

सूचना: सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश स्थिति, अनुसूची और घोषणाओं के संबंध में अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट **(admission.uod.ac.in)** पर जाएं।

6/7/26
अधिष्ठाता (प्रवेश)